कृषि विज्ञान केन्द्र कौशाम्बी

गरीब कल्याण रोजगार अभियान के उद्घाटन का सजीव प्रसारण कृषि विज्ञान केन्द्र परिसर में किया गया

आज दिनांक 20.06.2020 को देश के माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा गरीब कल्याण रोजगार अभियान का उद्घाटन वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से किया गया जिसका सजीव प्रसारण जनपद कौशाम्बी के कृषि विज्ञान केन्द्र में किया गया तथा दूसरे प्रदेशो से लौटे प्रवासी मजदूरों को भी सजीव प्रसारण दिखाया गया इस दौरान केन्द्र को सेनेटाइज किया गया तथा सभी प्रवासी मजदूरों को मास्क वितरित किया गया साथ ही साथ सामाजिक दूरी का पूरा ध्यान रखा गया| केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ अजय कुमार ने बताया कि केन्द्र सरकार ने ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार के माध्यम से बाहरी प्रदेशो से लौटे प्रवासी मजदूरों को उनको जिले में ही रोजगार प्रदान करने हेतु गरीब कल्याण रोजगार अभियान की शुरुवात की है | इस अभियान हेतु केन्द्र सरकार द्वारा पचास हजार करोड़ रुपये का प्राविधान किया गया है तथा यह अभियान देश के 6 राज्यों के 116 जिलो में 125 दिनों तक चलाया जायेगा | डॉ अजय ने बताया कि यह अभियान उन जिलो में चलाया जायेगा जहाँ 25 हजार से ज्यादा प्रवासी कामगार वापस आये है तथा इस सूची में कौशाम्बी जनपद भी शामिल है| यह अभियान भारत सरकार के 12 मंत्रालय के माध्यम से चलाया जाएगा तथा जिसमे 25 प्रकार के कार्यो पर जोर दिया जाएगा| उद्घाटन कार्यक्रम में माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी; श्री नरेन्द्र सिंह तोमर जी, माननीय मंत्री, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार; श्री योगी आदित्य नाथ जी, माननीय मुख्य मंत्री, उ. प्र. सरकार तथा श्री नितीश कुमार जी माननीय मुख्य मंत्री, बिहार ऑनलाइन वीडिओ के माध्यम से जुड़े एवं अपने-अपने विचार रखे | कृषि विज्ञान केन्द्र में 25 प्रवासी मजदूर सहित केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ अजय कुमार के साथ समस्त स्टाफ इस कार्यक्रम में प्रतिभाग किये |

कार्यक्रम की झलकियाँ